Title: Need to ensure that the aerodrome at Prithviganj in Pratapgarh district, U.P. is not used as godown by the Food Croporation of India-Laid.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर): उत्तर प्रदेश के जनपद प्रतापगढ़ में सेना विभाग का एक हवाई अडडा पृथ्वीगंज में स्थित है। उस हवाई अड्डे को भारतीय खाद्य निगम गेहूं भण्डार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जिससे हवाई अडडा बहुत अधिक क्षतिग्रस्त हो गया है। कई करोड़ की लागत से बने इस हवाई अडडे को कभी भी आपातकालीन स्थिति में ही इस्तेमाल किया जा सकता है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं के भण्डार करने से हवाई अडडे के बगल से जाने वाला आम रास्ता, जो कई गांव के लोग इस्तेमाल करते थे, बंद हो गया है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा रक्षा मंत्री से अनुरोध है कि तत्काल उक्त हवाई अडडे को भारतीय खाद्य निगम से खाली करा कर उसको क्षतिग्रस्त होने से बचाया जाये।